# प्रागपुरा में चार दुकानों के ताले व शटर तोड़कर हजारों की चोरी, पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

**पावटा**(निसं)। क्षेत्र में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो गए हैं कि एक बार फिर बेखौफ बदमाशों ने प्रागपुरा कस्बे के नारायणपुर मोड पर स्थित चार दुकानों के ताले व शटर तोड़कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। सोमवार देर रात बेखौफ बदमाशों ने प्रागपुरा कस्बे के नारायणपुर रोड पर स्थित चार दुकानों हरिओम जनरल स्टोर ज्यों कि विक्रम सिंह शेखावत की है से 10 हजार रूपये की नकदी, श्याम मिष्ठान भंडार ज्यों कि शिवपाल सैनी

- **सीसीटीवी फुटेज के बावजूद पुलिस के हाथ खाली, चोर बेखौफ होकर दे रहे वारदातों को अंजाम**

की है से 35 हजार रूपये की नकदी, एम एस मोबाइल की दुकान ज्यों कि ईश्वर सैनी की है से 28 हजार रुपए की नकदी एवं मानवी हेल्थ केयर की दुकान ज्योंकि अंकित की है से 22 हजार रुपए की नकदी चुराकर फरार हो गए। चोर दुकानों से नकदी सहित कीमती सामान समेटकर फरार हो गए, जिससे व्यापारियों को हजारों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। वही ग्राम मंढा में प्रहलाद राठौड की रेडिमेड कपड़ों की दुकान व रामकरण सोनी की मां अम्बे ज्वेलर्स की दुकान का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन जाग होने के कारण चोर चोरी करने में सफल नहीं हो पाए। जहां ग्राम प्रागपुरा व मंढा में पता चलने पर पीड़ित दुकानरो व ग्रामीणों ने बाजार बंद कर रोड जाम कर पुलिस प्रशासन के मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। रात को एक साथ इन दुकानों में हुई इस घटना से व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। चोर दुकानों से नकदी सहित कीमती सामान समेटकर फरार हो गए, जिससे व्यापारियों को हजारों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही प्रागपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस कार्रवाई की औपचारिकता निभाते हुए जांच शुरू करने की बात कही। वही पीड़ित दुकानदारों ने प्रागपुरा थाना पुलिस में मामला दर्ज करवाया है। हालांकि स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि पुलिस केवल प्रतिक्रिया देने तक सीमित रह गई है, जबकि क्षेत्र में इससे पहले भी लगातार चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनका आज तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। व्यापारियों का कहना है कि बार-बार चोरियां होने के बावजूद न तो गश्त बढ़ाई जा रही है और न ही संदिग्धों पर कोई ठोस कार्रवाई की जा रही है। इससे चोरों के हौसले और मजबूत हो रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द चोरियों का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है। चोरियों के मामलों में सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली नजर आ रहे हैं। फुटेज में संदिग्ध गतिविधियां कैद होने के बावजूद न तो आरोपियों की पहचान हो सकी है और न ही किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई सामने आई है। इससे आमजन में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चोरियों का खुलासा नहीं किया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार और रिहायशी इलाकों में लगातार वारदातें हो रही हैं, लेकिन पुलिस सिर्फ जांच का आश्वासन देकर मामले को टाल रही है। पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनका आज तक खुलासा नहीं हुआ है।

पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच जांच शुरू की।

## महिला की संदिग्ध हालत में मौत, पीहर पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

**टोंक**(निसं)। बरौनी थाना क्षेत्र की मंडावर ग्राम पंचायत में मुख्तार नगर में सोमवार को एक महिला की अपने ही कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पंहुचे पीहर पक्ष के परिजनो ने पति पर मारपीट कर हत्या करने के गंभीर आरोप में मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका नरेशा उर्फ निशा केवट पत्नी शंकर लाल उम्र 32 साल निवासी मुख्तयार नगर जिसकी आठ साल पहले नाथा प्रथा से शादी की गई थी। परिजनों ने मृतका के पति पर शराब पीकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट करने तथा घरेलू हिंसा के चलते महिला की हत्या का मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान बरोनी थाना पुसिल ने प्रारंभिक जांच के आधार पर मृतका के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वही पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद मौत के कारणों का खुलासा होगा, फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव 13 को खैरथल में जनसभा को संबोधित करेंगे

- **राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य पूर्व विधायक रामहेत यादव ने तैयारी को लेकर 7 जनवरी को कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बुलाई बैठक।**
- **बैठक में आगामी होने वाले पंचायती राज व नगर निकाय के चुनाव को लेकर गहन एवं विस्तृत होगी चर्चा**

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। अलवर सांसद एवं केंद्र सरकार में मंत्री भूपेंद्र यादव 13 जनवरी को खैरथल में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उनके आगमन को लेकर भाजपा संगठन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। राष्ट्रीय परिषद भाजपा सदस्य व किशनगढ़ बास के पूर्व विधायक रामहेत यादव ने इस संबंध में 7 जनवरी को कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है।

भाजपा मण्डल किशनगढ़बास के उपाध्यक्ष तेजसिंह सैनी ने बताया कि बैठक बुधवार 7 जनवरी को प्रातः 9 बजे अनाज मण्डी स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित होगी। बैठक में पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों की रणनीति पर गहन एवं विस्तृत चर्चा की जाएगी।

साथ ही मंत्री भूपेंद्र यादव के खैरथल आगमन पर होने वाली जनसभा की व्यवस्थाओं, कार्यकर्ताओं की भागीदारी, जनसंपर्क और भीड़ प्रबंधन को लेकर जिम्मेदारियां तय की जाएंगी।

इस बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी, विधानसभा प्रभारी अनूप यादव, विधानसभा प्रभारी मंडल प्रभारी सलोना यादव सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

पूर्व विधायक रामहेत यादव ने कहा कि आगामी स्थानीय चुनाव संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और इन्हें लेकर कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाएगी।

बैठक में वर्तमान व पूर्व जिला पदाधिकारी, मोर्चा व मण्डल पदाधिकारी, वर्तमान तथा पूर्व चेयरमैन-उप चेयरमैन, जेडपी सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, पार्षद, सरपंच, पंच, बूथ अध्यक्ष, बीएलए-2 तथा भाजपा विचारधारा से जुड़े सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। संगठन की ओर से अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

मंत्री भूपेंद्र यादव की खैरथल जनसभा में क्षेत्र के विकास कार्यों, केंद्र सरकार की योजनाओं और भाजपा की भावी नीतियों को जनता के सामने रखा जाएगा। माना जा रहा है कि यह जनसभा स्थानीय चुनावों से पूर्व कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करेगी और पार्टी के लिए निर्णायक माहौल तैयार करेगी।

## 'लोकतंत्र की नींव है मतदाता जागरूकता'

**दौसा**(निसं)। राजकीय महाविद्यालय नांगल राजावतान में मंगलवार को लोकतंत्र की नींव , मतदाता जागरूकता थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. रामवीर चौधरी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र सिंह गुर्जर ने की। विशेष अतिथि ब्लॉक कोऑर्डिनेटर कमलेश मीणा एवं मिमिक्री कलाकार डॉ. अशोक खेड़ला रहे। मुख्य अतिथि डॉ. रामवीर चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति मतपत्र में नहीं, बल्कि जागरूक मतदाता की चेतना में निहित होती है।

उन्होंने युवाओं को लोकतंत्र की धुरी बताते हुए कहा कि यदि युवा वर्ग अपने मताधिकार के महत्व को समझ ले, तो लोकतंत्र स्वतः सशक्त हो जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता जागरूकता केवल मतदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सतत नागरिक दायित्व है, जो संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जिम्मेदार भागीदारी से जुड़ा हुआ है।

# डिजिटल युग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने बदली युवाओं की मानसिकता

**सांभरझील,** (निसं)। हमारे देश की हजारों साल पुरानी प्रमाणिक प्राचीन पद्धितयां अब धीरे-धीरे विलुप्तप्रायः होती जा रही है। ऐसे गुरुओं की कमी और और वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलती सोच। डिजिटल युग और उसके बाद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ने भी एक प्रकार से नई क्रांति भी पैदा कर दी है। तेजी से बढ़ती प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की लालसा मजबूरन युवाओं को इस दिशा की ओर खींच रही है। सबसे अहम एक कारण और है कि पाश्चात्य सभ्यता का हमारे भारत में जिस प्रकार से अनुकरण हुआ है उसकी वजह से भी युवाओं ने महत्वपूर्ण इतिहास को खंगालने की कभी आवश्यकता महसूस नहीं की। शिक्षा के क्षेत्र में पूरी तरह से आध्यात्मिकता का गायब हो जाना एक बहुत बड़ा नुकसान है। यहां के अनेक बुद्धिजीवियों से बात की गई विशेष कर दार्शनिक रूप में अपनी पहचान रखने वाले सांभर के प्रमोद जोशी बताते हैं कि हमारी मौलिक आदतों का धीरे-धीरे लुप्त होना एक गहरा संकट है।

कल तक जिस घर की सुबह अखबार वाचन और स्याही की महक से होती थी, लेकिन अब सुबह का स्वागत मोबाइल की नीली रोशनी और नोटिफिकेशन की टिंग-टिंग से होता है। यह बदलाव केवल तकनीक का नहीं, बल्कि हमारी बौद्धिक गहराई के कम होने का संकेत है।

21 सदी के इस युग में आज की युवा पीढ़ी के पास सूचनाओं का भंडार तो है, अनुभव को गहराई से समझने वाला ज्ञान भी जरूरी है। अखबार से लोगों का इसलिए विश्वास बना हुआ है कि उसकी सत्यता पर विश्वास रखते हैं और ज्ञान अर्जन का सबसे सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। इंटरनेट पर मौजूद शॉर्ट्स और रील्स जहाँ तथ्यों को आधा-अधूरा पेश करते हैं, वहीं अखबार का संपादकीय पृष्ठ छात्रों में तर्क करने की क्षमता और एक स्वतंत्र नजरिया विकसित करता है। एक समय था जब हम स्याही की दवात में होल्डर और जीभ वाली नीब डुबोकर लिखा करते थे। उस समय लिखना केवल कागज काले करना नहीं था, बल्कि एक साधना थी। आजकल बच्चों का लिखना बहुत कम हो गया है। सारा काम की-बोर्ड और टचस्क्रीन पर टाइपिंग तक सिमट गया है। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हुआ है कि लिखावट बेहद खराब होती जा रही है। उंगलियों का वह तालमेल भी खत्म हो गया जो सुंदर अक्षरों को जन्म देता था। लिखने की आदत कम होने का एक और भयावह परिणाम मात्राओं और वर्तनी की अशुद्धियों के रूप में सामने आ रहा है। डिजिटल माध्यमों पर ऑटो-करेक्ट और अठोंजी के बढ़ते चलन ने बच्चों को सही हिंदी लिखना भुला दिया है।

जब बच्चा हाथ से लिखता है, तो उसका मस्तिष्क मात्राओं की बनावट पर ध्यान केंद्रित करता है। लेकिन आज, लिखना कम होने से अनुस्वार की गलतियाँ इतनी बढ़ गई हैं कि भाषा का स्वरूप ही बिगड़ता जा रहा है।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष गुप्ता का निधन

- **बीमारी के चलते ली अंतिम सांस, क्षेत्र में शोक की लहर**
- **पार्टी के प्रति समर्पित, अनुशासित और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे- धनकड**

**पावटा,**(निसं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं वस्त्र व्यापार मंडल प्रवक्ता पावटा निवासी संतोष गुप्ता का बीमारी के चलते रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और आमजन में गहरा दुख व्याप्त है। बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से बीमारी से पीड़ित थे और उपचार चल रहा था। रविवार शाम को उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से न केवल भाजपा संगठन को बल्कि व्यापारिक जगत को भी अपूरणीय क्षित पहुंची है। अंतिम संस्कार में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने बताया कि वे पार्टी के प्रति समर्पित, अनुशासित और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते थे। संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने हमेशा पार्टी की विचारधारा और नीतियों को मजबूती से जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। वही वस्त्र व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र गोयल ने बताया कि संतोष गुप्ता ने वस्त्र व्यापार मंडल के प्रवक्ता के रूप में भी हमेशा व्यापारियों की समस्याओं को मुखरता से उठाया है। निधन की सूचना मिलते ही भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# जरूरतमंद परिवारों को मिला संबल, विशाल निःशुल्क कंबल वितरण समारोह सम्पन्न

**पावटा,** (निसं)। क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों को मजबूती देते हुए गरीब, बेसहारा, असहाय एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए सोमवार को प्रात 11 बजे रिलायंस पेट्रोल पंप जयपुर हाईवे लाडाकाबास में 11वाँ विशाल निःशुल्क कंबल वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कड़ाके की सर्दी को देखते हुए 1100 जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क कंबल वितरित किए गए, जिससे सर्द रातों में उन्हें राहत मिल सके। आयोजन स्थल पर सुबह से ही लाभार्थियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कार्यक्रम की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व तहसीलदार रामनिवास यादव की अध्यक्षता एवं रितु आईवीएफ सेंटर जयपुर निदेशक डॉ ज्योति बंसल, पूर्व उप महापौर जयपुर मनीष, युवा नेता महेश चोरियां, पूर्व सरपंच मदन यादव, कैरली सरपंच रामजीलाल यादव, पूर्व सरपंच राजाराम गुर्जर, पूर्व सरपंच भागीरथ यादव, रतिराम पटवारी, हरि चोरियां, विजेश मुहानिया के विशिष्ट आतिथ्य में दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

- **कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम न केवल सर्दी से बचाव करते हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान भी लाते हैं : धनकड**

विधायक कुलदीप धनकड़ जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने अपने संबोधन में कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। कंबल वितरण जैसे कार्यक्रम न केवल सर्दी से बचाव करते हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर मुस्कान भी लाते हैं।


नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



**लोक सूचना** जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक: 90A/JDA/2025-26/100448 दिनांक: 06.01.2026

श्री SHREE GOVINDAM DEVELOPERS पुत्र श्री KAMLESH CHOUDHARY जाति JAT निवासी PLOT NO.02 GOVIND AVENUE AJMER ROAD BHANKROTA JAIPUR ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिशुल्क अधिकारी के निर्णयन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हैक्टे.) | रूपांतरण क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|
| भीमपुरा,फागी (जयपुर) | 1) कैलाश चंद चौधरी जरिये पार्टनर श्री गोविन्दम डवलपर्स पुत्र छदा राम जाट हिस्सा पूर्ण | 26/4 | 0.3541 | 0.3541 |
| | | 27/3 | 0.1012 | 0.1012 |
| जाति जाट मकान संख्या PLOT NO. 2 कॉलोनी गोविन्द एवेन्यु क्षेत्र/स्थान अजमेर रोड भांकरोटा शहर जयपुर पिन कोड 302012 जिला JAIPUR राज्य RAJASTHAN | | 35 | 1.6944 | 1.6944 |
| | | | कुल | 2.1497 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिशुल्क अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिशुल्क अधिकारी के निर्णयन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी 550.00 की लोन इन का JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in) पर "शिकायत के विरुद्ध अपील करने" के Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कराए। उपयुक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मानते का निपटान किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 06.01.2026 को जारी की गयी। **प्राधिकृत अधिकारी जोन-21**



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**खुली निविदा**

**सं. एस एण्ड टी प्रोजेक्ट-जेपी-2025-26-04, दिनांक 02.01.26**

उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ जयपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. एस एण्ड टी-प्रोजेक्ट-अजमेर-2025-26-04 जिसकी बंद होने की तिथि 02.02.2026 को ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जावेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जावेगा। **(1) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मण्डल में एलटीई/यूएचएफ और कवच कार्य के सम्बध में लेटीस टावरों को लगाने का प्रावधान **(2) अनुमानित लागत:** ₹ 698686878.88/- **(3) धरोहर राशि:** ₹ 3643400/- (केवल ऑनलाइन भुगतान) **(4) टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीख:** 02/02/2026 सायं 15:00 बजे। **(5) वेबसाइट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशन:** www.ireps.gov.in or उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/ अजमेर ऑफिस। 20-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक-9574 दिनांक-06.01.2026

**जाहिर आम-सूचना** राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 86/151 (HIG), (एरिया 189.00 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री मुकेश चन्द चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री भैरो प्रसाद चतुर्वेदी को किया जाकर आवंन पत्र क्रमांक 3033 दिनांक 28.02.2001 को जारी किया गया। श्री मुकेश चन्द चतुर्वेदी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 14.03.2001 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्री मुकेश चन्द्र चतुर्वेदी की मृत्यु दिनांक 25.10.2025 को हो जाने के कारण इनके उत्तराधिकारी 1. श्रीमती वंदना चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री मुकेश चन्द चतुर्वेदी 2. श्री राम चन्द्र चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री मुकेश चन्द्र चतुर्वेदी 3. श्री विशाल चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री मुकेश चन्द चतुर्वेदी द्वारा उक्त आवास स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवदन किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालयमे 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, 1. श्रीमती वंदना चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री मुकेश चन्द चतुर्वेदी 2. श्री राम चन्द्र चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री मुकेश चन्द्र चतुर्वेदी 3. श्री विशाल चतुर्वेदी पुत्र स्व. श्री मुकेश चन्द चतुर्वेदी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त प्रथम, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर**



**उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)**

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 25/25

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोवेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थना पत्र

प्रार्थी अमित भार्गव पुत्र श्री कैलाश नाथ भार्गव उम्र 52 वर्ष निवासी मकान नंबर 3 एफ 254 ए, नजदीक राधा किशन मंदिर नेहरू नगर, गाजियाबाद-201001 उत्तरप्रदेश।

मृतक श्रीमती निर्मल भार्गव पत्नि स्व. श्री अजय कुमार पुत्री स्व. श्री मोहनलाल भार्गव, स्थाई निवास 166, गाँधी नगर मोड बापू नगर लाल कोठी, पुलिस थाना लालकोठी जिला जयपुर राजस्थान के श्रीमान शाखा प्रबन्धक महोदय, बैंक पंजाब नेशनल बैंक, शाखा ए-415 शिवानन्द मार्ग, मालवीय नगर, जिला जयपुर राजस्थान में खाता संख्या A/c 4110000100130072 एवं FD 5 Year (Locker ABO 1018) तथा U SPECIAL DEPOSIT QRTLY में जमाशुदा राशि की प्राप्ति के बाबत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने।

पेशी दिनांक- 12.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की श्रीमती निर्मल भार्गव पत्नि स्व. श्री अजय कुमार पुत्री स्व. श्री मोहन लल भर्गव, स्थाई निवास 166, गाँधी नगर मोड, बापू नगर, लाल कोठी, पुलिस थाना-लालकोठी जिला जयपुर राजस्थान का उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र, प्रोवेट, लेर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अत उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 12 माह 02 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 03 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

**रीडर**
**अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या11, जयपुर महानगर प्रथम**



**खोया पाया**

मैं अथार्त चेनाराम चौधरी पुत्र श्री मेघा राम जाट की भूखण्ड संख्या सी-212 केदार विहार योजना का आवंटन पत्र कहीं खो गया है मिलने पर संपर्क करें मो. 9950708282

मेरे प्लॉट डी-143 पीताम्बरा योजना आगरा रोड का मूल आवंटन पत्र, पट्टे के स्टाम्प पेपर सिविल लाइंस में कहीं गिर गए हैं मिलने पर सूचित करें। शशिकला-9828504410

मेरे राजस्थान आवासन मण्डल के मानसरोवर स्थित मकान नम्बर 34/3-ए, के आवंटन पत्र, कब्जा पत्र, अदेय प्रमाण पत्र व DECLARATION कहीं गुम हो गए। मिलने पर सूचित करे। प्रेमचंद मूलचंदानी 7877273621

मेरे भूखंड संख्या एल-127 जेडीए की आवासीय योजना गोविन्दपुरा सांगानेर जयपुर का जेडीए पट्टा विक्रय पत्र कहीं पर गुम हो गया है मिलने पर संपर्क करें। जयकिशन झूरानी-9928929026



**नाम परिवर्तन**

मैं आदित्या ए वॉल पुत्र श्री आशुतोष वॉल निवासी बी-53, साकेत कॉलोनी, आदर्श नगर, जयपुर। मैंने अपना नाम आदित्या आशुतोष वॉल से बदलकर आदित्या ए वॉल (Aaditya A Wol) रख लिया है। भविष्य में मुझे आदित्या ए वॉल के नाम से जाना जाये।

मैंने मेरा नाम रितु मल्होत्रा से बदलकर रितु कुमारी राजोरा रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। रितु कुमारी राजोरा पत्नी श्री रजत मल्होत्रा निवासी 86/170 कुम्भा मार्ग प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

मेरी 10वीं क्लास की मार्कशीट में मेरा नाम रिचा (Richa) एवं आधारकार्ड में रिचा बब्बर (Richa Babbar) दर्ज है। भविष्य में मुझे रिचा बब्बर (Richa Babbar) पुत्री श्री राज कुमार बब्बर निवासी एसवाई 10, रिद्धी एन्कलेव, लाल चौक, रिद्धि सिद्धी 1, सैक्टर 4, श्री गंगानगर, राजस्थान 335001 के नाम से जाना जावें।

मैं हरिहर चौरसिया पिता नं. 15741799H रैक LNK जितेन्द्र चौरसिया, गाँव पांडेयपुर पोस्ट कुशहरी, जिला देवरिया पिन-274001, उत्तर प्रदेश यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम हरिहर चौरसिया से बदलकर हरिहर कालेश्वर चौरसिया कर लिया है क्योंकि मेरे बेटे के आर्मी सर्विस रिकार्ड में यह गलती से हरिहर चौरसिया के रूप में दर्ज है।

मैं मुन्नीदेवी माँ नं. 15741799H रैक LNK जितेन्द्र चौरसिया, गाँव पांडेयपुर पोस्ट कुशहरी, जिला देवरिया पिन-274001, उत्तर प्रदेश यह घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम मुन्नी देवी से बदलकर मुन्नी देवी हरिहर चौरसिया कर लिया है क्योंकि मेरे बेटे के आर्मी सर्विस रिकार्ड में यह गलती से मुन्नी देवी के रूप में दर्ज है।

मैं सुनीता जोशी, पत्नी रोहित जोशी, यह सार्वजनिक रूप से घोषित करती हूँ कि जन्म प्रमाण पत्र नं. 110047560 मे हमारे पुत्र का नाम तुषार जोशी है जिसके स्थान पर हमारे पुत्र का नाम नीलाक्ष जोशी दर्ज किया जाना प्रस्तावित है। अतः भविष्य में हमारे पुत्र की निलाक्ष जोशी नाम से जाना पहचाना जाए।

मैंने अपना नाम Elsy Poovathukuzhy Varghese से बदलकर Elsy Jiju Thomas पत्नी Jiju Kuroor Thomas रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाये। पता- एसडीम हॉस्पिटल भवानी सिंह रोड, बापूनगर, लालकोठी, जयपुर, राजस्थान



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्या : कैरिज-04-2026 दिनांक 03.01.2026 आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **(1) कार्य का नाम एवं स्थान :** वंदे भारत चेयर कार सीटों के लिए अपहोल्स्ट्री की सप्लाई और रिप्लेसमेंट रिलेटेड कार्य। **(2) अनुमानित लागत:** ₹3,03,83,961.6/- **(3) टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट:** ₹0.00 **(4) बयाना राशि:** ₹3,01,900.00/- **(5) ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख:** 24.01.2026 समय 13.30 बजे तक **(6) वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in **(7) पात्रता मानदंड:** लागू है। **नोट:** बयाना राशी केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है। 16-DK/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



**कार्यालय उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल वृत अलवर**

**आवश्यक सूचना**

आवास संख्या 1/74, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर जो कि मूलतः श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री वेद प्रकाश को आवंटन पत्रांक 6844 दिनांक 11.07.1983 के द्वारा आवंटित किया गया था। इनके बेचान उपरांत मण्डल द्वारा आवास का नियमितिकरण एवं अदेय प्रमाणपत्र क्रमांक 2389 दिनांक 07.11.1997 को श्री अमीर चन्द पुत्र श्री खेमचन्द के नाम जारी कर दिया गया था। श्री अमीर चन्द द्वारा आवास की रजिस्ट्री स्वयं के नाम से दिनांक 13.01.2022 को उप पंजीयक कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवाई जा चुकी है। श्री अमीर चन्द की मृत्यु दिनांक 04.08.2022 को हो जाने के उपरांत उनके उत्तराधिकारी पुत्र श्री भारत भूषण पुत्र स्व. श्री अमीर चन्द द्वारा जये पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 12.07.2022 को उप पंजीयकी कार्यालय अलवर में पंजीकृत करवा कर प्रस्तुत की है। श्री भारत भूषण द्वारा प्रस्तुत उक्त पंजीकृत वसीयतनामा एवं मण्डल नियमानुसार प्रस्तुत क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथपत्रों, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रपत्रों के आधार पर उक्त आवास का मृत्यु उपरान्त नाम प्रतिस्थापन हस्तांतरण किये जाने हेतु शुल्क जमा करा कर आवेदन किया गया है। अतः जरिये इस विज्ञप्ति यह आगाह किया जाता है कि उक्त आवास संख्या 1/74, एस.डब्ल्यू.बी. योजना, अलवर के सम्बन्ध में पिता, पुत्र, पुत्री, भाई, अन्य किसी रिश्तेदार व्यक्ति विशेष या हितकारी को एवं आम व्यक्ति विशेष को उजर एतराज हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 10 दिवस में, राजस्थान आवासन मण्